आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 17.10.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में पीएम फसल बीमा योजना, पीएम किसान पोर्टल व अन्य संबंधित शिकायतों पर चर्चा की गई।
- दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त ने टेलराबाद स्थित अवैध पटाखा गोदामों को सील करने का आदेश दिया– लोगों से सुरक्षा मानदंडों का कड़ाई से पालन करने को कहा।
- खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेल 24 नवंबर से राजस्थान के 7 शहरों में आयोजित किए जाएंगे।
- द्वीपसमूह में 8वें राष्ट्रीय पोषण माह के समापन अवसर पर "आधारशिला" और "नवचेतना" पाठ्यक्रम पुस्तकों का विमोचन किया गया।

<><><><><><><>

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल नई दिल्ली में किसानों की शिकायतों के समाधान के संबंध में एक बैठक की। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया कि बैठक के दौरान खाद, बीज, कीटनाशक, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और प्रधानमंत्री किसान पोर्टल से संबंधित शिकायतों पर चर्चा हुई। श्री चौहान ने कहा कि शिकायतों के समाधान के लिए निश्चित समय–सीमा निर्धारित की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी शिकायत पर कार्रवाई तब तक बंद नहीं की जानी चाहिए जब तक कि किसान पूरी तरह संतुष्ट न हो जाएं। श्री चौहान ने अधिकारियों को उन राज्यों की पहचान करने के निर्देश दिए जहां शिकायतें ज़्यादा हैं और कार्रवाई धीमी है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त ने टेलेराबाद स्थित अनधिकृत पटाखा गोदामों को सील करने का आदेश दिया है। क्षेत्र में पटाखों के अवैध भंडारण के संबंध में मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए, राजस्व अधिकारियों और पुलिस कर्मियों ने निरीक्षण के दौरान, यह पाया कि दो गोदामों के मालिक अपने–अपने लाइसेंस के तहत निर्धारित अनुमत सीमा से कहीं अधिक मात्रा में पटाखों का भंडारण कर रहे थे। आस–पास के निवासियों और संपत्तियों को संभावित खतरे को देखते हुए, पूरे स्टॉक को जब्त कर लिया गया और अधिकारियों की उपस्थिति में परिसर को तुरंत सील कर दिया गया। जिला उपायुक्त ने कहा कि आगामी त्योहारी मौसम को देखते हुए, ऐसी किसी भी अवैध गतिविधि को रोकने के लिए कड़ी निगरानी

जारी रहेगी। सभी व्यक्तियों और व्यापारियों को सलाह दी गई है कि वे सुरक्षा मानदंडों का कड़ाई से पालन करें और आतिशबाजी या अन्य विस्फोटक सामग्री का व्यापार करने से पहले उचित प्राधिकरण प्राप्त करें।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को मिल रहा है। द्वीपसमूह के स्थानीय लोगों ने प्रादेशिक समाचार से विशेष बातचीत में जीएसटी कम होने से मिल रहे फायदों के बारे में बताया।

<><><><><><>

सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 की धारा 6 और 12 के प्रावधानों का पालन करते हुए राजस्व अधिकारियों और पुलिस कर्मियों की ओर से कल फरारगंज तहसील में एक संयुक्त निरीक्षण किया गया। राजस्व अधिकारियों ने शैक्षणिक संस्थानों, से 100 गज के दायरे में स्थित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और दुकानों का निरीक्षण किया। दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन COTPA अधिनियम का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुए नियमित औचक निरीक्षण जारी रखेगा।

<><><><><><>

खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेल 24 नवंबर से राजस्थान के 7 शहरों में आयोजित किए जाएंगे। खेलो इंडिया का पांचवां संस्करण जयपुर, अजमेर, उदयपुर, जोधपुर, बीकानेर, कोटा और भरतपुर में आयोजित किया जाएगा। 12 दिनों तक चलने वाले इन खेलों में पूरे देश के पांच हजार से अधिक एथलीट हिस्सा लेंगे। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुसार खेलो इंडिया पहल ने एक मज़बूत खेल व्यवस्था का निर्माण किया है। डॉ. मांडविया ने कहा कि राजस्थान में विश्वविद्यालय खेल हज़ारों विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि ये खेल प्रतिस्पर्धा और सौहार्द के माध्यम से 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को मज़बूत करेंगे। इस वर्ष इन खेलों में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, मुक्केबाजी, तलवारबाजी, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, मल्लखंब, रग्बी, निशानेबाजी, तैराकी, टेबल टेनिस, टेनिस, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन, कुश्ती, योगासन, साइकिलिंग, बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग और कयाकिंग शामिल हैं। खो—खो को एक प्रदर्शन कार्यक्रम के रूप में शामिल किया गया है। इन खेलों में पहली बार बीच वॉलीबॉल, कैनोइंग और कयाकिंग तथा साइकिलिंग को शामिल किया जा रहा है।

<><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय के अंतर्गत सभी आईसीडीएस परियोजनाओं द्वारा आयोजित 8वें राष्ट्रीय पोषण माह का समापन समारोह कल गर्ल्स स्कूल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज कल्याण आयुक्त–सह–सचिव चंचल यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। इस अवसर पर समाज कल्याण सचिव एल. कुमार, निदेशक रविंदर कुमार, स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. सुजा एंटनी, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। अपने संबोधन में, मुख्य अतिथि ने पोषण के महत्व को एक स्वस्थ और समृद्ध समाज की नींव के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य और पोषण जागरूकता को बढ़ावा देने में आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान संतुलित आहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पोषण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। पोषण माह की गतिविधियों पर एक लघु वृत्तचित्र भी दिखाया गया। इस कार्यक्रम में दो ईसीसीई पाठ्यक्रम पुस्तकों – "आधारशिला" और "नवचेतना" का विमोचन किया गया। इसके अतिरिक्त, डिजिटल शिक्षा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की क्षमता निर्माण के माध्यम से प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए समाज कल्याण निदेशालय और रॉकेट लर्निंग प्राइवेट लिमिटेड के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

<><><><><><><>

पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन अंडमान निकोबार द्वीप समूह, द्वीपों के एथलीटों की पहचान, प्रशिक्षण और सहायता करने और राष्ट्रीय खेल में उनका प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी दिव्यांग पैरा एथलीटों का पंजीकरण कर रहा है। इच्छुक खिलाड़ी 31 अक्टूबर तक नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलंपिक कार्यालय में अपना नाम पंजीकृत करा सकते हैं। पंजीकरण फॉर्म के साथ आधार कार्ड और दिव्यांग चिकित्सा प्रमाण पत्र की प्रतियां संलग्न करनी होंगी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ़्त बिजली योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों की पहचान और समावेशन सुनिश्चित करने के लिए दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने कल ग्राम पंचायत, छोलदारी में एक विशेष सत्यापन शिविर का आयोजन किया। यह शिविर भारत सरकार की विभिन्न प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत नामांकित लाभार्थियों का सत्यापन करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। दक्षिण अंडमान की अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट प्रियंका कुमारी ने प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ़्त बिजली योजना पर जानकारी देते हुए योजना के उद्देश्यों, लाभों, पात्रता मानदंडों और इसके प्रावधानों का लाभ उठाने की प्रक्रिया के बारे में बताया। शिविर के दौरान, ग्रामीण विकास, नागरिक आपूर्ति और स्वास्थ्य सेवा विभागों के अधिकारियों द्वारा 64 लाभार्थियों के प्रमाण–पत्रों का सत्यापन किया गया।